दिनांक 13.11.2018

स्वच्छ भारत अभियान　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

(निगम आयुक्त श्री एस के सुंदरानी ने छठ पर्व पर तालाबों में उपस्थित होकर स्वच्छता एप डाउनलोड कराए जाने हेतु निगम एवं बीएसपी के अधिकारी/ कर्मचारियों संयुक्त टीम का गठन किया गया)

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री एस0के0 सुंदरानी ने निगम प्रशासन एवं बीएसपी प्रबंधन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की एक संयुक्त टीम का गठन किया गया है संबंधित अधिकारी–कर्मचारी स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2019 के गाईड लाईन पुस्तिका में दिए गए अनुसार नगर पालिक भिलाई की जनसंख्या का 10 प्रतिशत स्वच्छता एप डाउनलोड कराये जाने का प्रावधान रखा गया है। आयुक्त महोदय द्वारा उक्त संबंध में पूर्व मे निगम के समस्त जोन के जोन आयुक्त सभी विभाग प्रमुख एवं स्वच्छ भारत मिशन से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारियों की संयुक्त बैठक निगम सभागार में लेकर स्वच्छता एप डाउनलोड कराने के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए निगम भिलाई हेतु लक्ष्य निर्धारित कर उसे पूर्ण करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे।

निगम श्री सुंदरानी ने निगम भिलाई क्षेत्र के अंतर्गत उत्तर भारतीयों के द्वारा मनाया जाने वाला छठ पर्व का त्यौहार मनाने आने वाले गणमान्य नागरिक को भी स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत उनके मोबाइल में स्वच्छता एप डाउनलोड कराए जाने के संबंध में एक आदेश प्रसारित किया गया है जिसके अंतर्गत 13 नवम्बर 2018 को शाम 04 बजे एवं 14 नवम्बर को प्रातः 4.30 बजे से छठ पर्व में तालाबों में पूजा के दौरान अधिक संख्या में लोग उपस्थित रहते हैं। छठ पर्व के दिन तालाबों में उपस्थित लोगों को स्वच्छता के बारे में बताकर स्वच्छता एप डाउनलोड कराये जाने के लिए निगम के सभी जोन अंतर्गत आने वाले तालाबों में निगम एवं बीएसपी के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहकर स्वच्छता ऐप डाउनलोड कराएंगे।

भिलाई के समस्त जोन के अंतर्गत 'जोन क्रमांक 01' के अंतर्गत नेहरु नगर भेलवा तालाब शीतला तालाब सुपेला वार्ड 06 मे दाउबाड़ा तालाब, वार्ड 07 कोहका पुरानी बस्ती में, 'जोन 02' के अंतर्गत केम्प–01 मुक्तिधाम तालाब, वार्ड 26 हाउसिंग बोर्ड सूर्यकुण्ड तालाब में, वार्ड 16 कुरुद नकटा तालाब वार्ड 27 घासीदास नगर छठ तालाब में 'जोन 03' के अंतर्गत केम्प–02 तालाब यूग निर्माण स्कूल के पास सेक्टर–02 अयप्पा मंदिर के समीप 'जोन 04' अंतर्गत लक्ष्मणनगर तालाब, वार्ड 28 छावनी में दर्री तालाब, वार्ड 28 छावनी में 'जोन 05' अंतर्गत सेक्टर–07 तालाब जयंती स्टेडियम के पास 'जोन 06' अंतर्गत नेवई डेम रुआबांधा तालाब बीएसपी जवाहर नगर उद्यान तालाब, जोरातराई तालाब, मे कुल 142 अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहकर स्वच्छता एप डाउनलोड कराने का कार्य किया जावेगा।

आयुक्त श्री सुंदरानी द्वारा गठित दल छठ पर्व के दिन चिन्हित तालाबों में आने वाले नागरिकों से स्वच्छता एप डाउनलोड कराने का कार्य सुनिश्चित करेंगे एवं कराये जाने वाले स्वच्छता एप डाउनलोड के संबंध में एक पंजी संधारित करगे जिसमें नागरिकों का नाम, मोबाईल नं. एवं हस्ताक्षर अंकित होगे उक्त संधारित पंजी को मुख्य कार्यालय में जमा करेंगे।

जनसम्पर्क अधिकारीं